# समाहरणालय, मुंगेर
## (जिला प्रोग्राम कार्यालय)

पत्रांक– 35 /जि0प्रो0, दिनांक– 29/2/24

प्रेषक,

जिला पदाधिकारी,

मुंगेर।

सेवा में,

निदेशक,

सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,

बिहार पटना।

विषय – अनुबंध पर आधारित वन स्टॉप सेंटर में विभिन्न पदों पर कर्मियों के नियोजन हेतु विज्ञापन के प्रकाशन से संबंधित सूचना सामाचार पत्र में प्रकाशित कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि अनुबंध पर आधारित वन स्टॉप सेंटर में विभिन्न पदों पर कर्मियों के नियोजन हेतु विज्ञापन के प्रकाशन से संबंधित सूचना का प्रकाशन 02 प्रमुख दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाना है। सूचना विहित प्रपत्र में इस पत्र के साथ हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में संलग्न है।

अतः श्रीमान से अनुरोध है कि संलग्न सूचना पत्र को कम से कम दो प्रमुख हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों में अविलम्ब प्रकाशित कराने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन,
28/2/24
जिला पदाधिकारी
मुंगेर।

ज्ञापांक 35 दिनांक 29/2/24

प्रतिलिपिः– जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

28/2/24
जिला पदाधिकारी
मुंगेर।

# समाहरणालय, मुंगेर
## (जिला प्रोग्राम कार्यालय)

पत्रांक– 35 /जि0प्रो0, दिनांक– 29/2/24

प्रेषक,

जिला पदाधिकारी,

मुंगेर।

सेवा में,

निदेशक,

सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,

बिहार पटना।

विषय – अनुबंध पर आधारित वन स्टॉप सेंटर में विभिन्न पदों पर कर्मियों के नियोजन हेतु विज्ञापन के प्रकाशन से संबंधित सूचना सामाचार पत्र में प्रकाशित कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि अनुबंध पर आधारित वन स्टॉप सेंटर में विभिन्न पदों पर कर्मियों के नियोजन हेतु विज्ञापन के प्रकाशन से संबंधित सूचना का प्रकाशन 02 प्रमुख दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाना है। सूचना विहित प्रपत्र में इस पत्र के साथ हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में संलग्न है।

अतः श्रीमान से अनुरोध है कि संलग्न सूचना पत्र को कम से कम दो प्रमुख हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों में अविलम्ब प्रकाशित कराने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

29/2/24

जिला पदाधिकारी

मुंगेर।

# बिहार सरकार
# समाहरणालय, मुंगेर
## (महिला एवं बाल विकास निगम, मुंगेर)

Contact Number- Email Id&

# वन स्टॉप सेंटर के रिक्त पदों पर जिला स्तरीय संविदा आधारित नियोजन हेतु विज्ञापन :-

विज्ञापन संख्या......04/24

प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के पत्रांक-WCDC/2024/23 दिनांक -09.09.2023, पत्रांक- WCDC /2088/23 दिनांक-26.09.2023 एवं पत्रांक WCDC/2228/23 दिनांक 19.10.2023 के आलोक में वन स्टॉप सेंटर, मुंगेर के संचालन हेतु संविदा आधारित रिक्त पदों पर सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:-

| क्र0 सं0 | पद का नाम | पदों की संख्या तथा कोटि | आयु | शैक्षणिक अहर्ता | कार्य अनुभव तथा प्राथमिकता | मूल मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | केस वर्कर (महिलाओ के लिए आरक्षित) | 01 (अत्यंत पिछाड़ा वर्ग) | कोटिवार अनुमान्य आयु के अनुसार | कानून/समाजकार्य/समाजशास्त्र/समाजविज्ञान/मनोविज्ञान में स्नातक। | महिलाओ के मुद्दों से संबंधित किसी सरकारी या गैर सरकारी परियोजना/कार्यकम में कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव **प्राथमिकताः-**स्थानीय अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। | 22,000/- |
| 2 | मनो सामाजिक परामर्शी (महिलाओ के लिए आरक्षित) | 01 (अनारक्षित) | | मनोविज्ञान/तंत्रिका विज्ञान (न्यूरो साइंस) में स्नातक | महिला स्वास्थ के मुद्दों पर सरकारी या गैर सरकारी परियोजना/कार्यकम में जिला स्तर पर कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव। | 22,000/- |
| 3 | कंप्यूटर ज्ञान युक्त कार्यलय सहायक | 1 (अनारक्षित) | | कंप्यूटर/आई.टी. में डिपलोमा | डाटा प्रबंधन, दस्तावेजीकरण तथा वेब आधारित रिपोर्टिंग,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग इत्यादि का राज्य या जिला स्तर पर सरकारी या गैर सरकारी/आई.टी. संस्थान में कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव। | 17,000/- |
| 4 | पारा लीगल पर्सनल/अधिवक्ता (अंशकालिक) | 1 (अनारक्षित) | | कानून में स्नातक। | महिलाओं से संबंधित किसी सरकारी या गैर सरकारी परियोजना/कार्यकम में जिला स्तर पर कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव या न्यायालय में मुकदमे में पैरवी करने का दो वर्ष का अनुभव। | 8,000/- (सामेकित) |
| 5 | परा मेडिकल पर्सन (अंशकालिक, महिला हेतु | 1 (अनारक्षित) | | पैरामेडिक्स में प्रोफेशनल डिग्री/डिपलोमा | सरकारी या गैर सरकारी क्षेत्र में स्वास्थ से संबंधित परियोजना/कार्यकम में जिला स्तर पर कार्य करने | 8,000/- (सामेकित) |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | आरक्षित) | | | | का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव। | |
| 6 | बहुउद्देशीय कर्मी / रसोइया | कुल–03 (अनारक्षित–01, अत्यंत पिछाड़ा वर्ग–01, अनुसूचित–जाति–01 ) | | मैट्रिक | **अनुभवः**–संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव | 13,000/– |
| 7 | सुरक्षा प्रहरी / रात्रि प्रहरी | कुल–03 (अनारक्षित–01, अत्यंत पिछाड़ा वर्ग–01, अनुसूचित–जाति–01 ) | कोटिवार अनुमान्य आयु के अनुसार | मैट्रिक | **अनुभवः**–सुरक्षा प्रहरी के रूप में सरकारी या प्रतिष्ठित संस्थान में राज्य जिला स्तर पर कार्य करने का कम से कम 2 वर्ष का अनुभव। | 13,000/– |

1. अभ्यर्थी भारत के नागरिक होगें।
2. नियोजन में बिहार सरकार का अद्यतन आरक्षण नियम लागू होगें।
3. आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं आवेदकों को मिलेगा जो बिहार का अधिवासी (Domicile) होगें।
4. उम्र सीमाः–संविदा पर नियोजन हेतु उम्र सीमा विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को निम्नवत् होगी।
    - वेसिक ग्रेड के लिए 18 वर्ष तथा स्नातक ग्रेड के या अधिक के लिए 21 वर्ष न्यूनतम।
    - अनारक्षित वर्ग (पुरूष)–37 वर्ष
    - पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग (पुरूष एवं महिला)–40 वर्ष
    - अनारक्षित वर्ग (महिला)–40 वर्ष
    - अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला)–42 वर्ष
5. अनुभव की अवधि की गणना एवं उम्र की गणना प्रायोजन के लिए संदर्भ विज्ञापन की तिथि मान्य होगी।
6. कर्मियों को नियमानुसार मूल मानदेय के अतिरिक्त **EPF** तथा **ESIC** देय होगी समेकित मानदेय वाले पदों पर **EPF** तथा **ESIC** देय नही होगी।
7. संविदा के आधार पर नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी जो बिना किसी पूर्व सूचना के या एक माह के नोटिस पर समाप्त की जा सकती है। इस संबंध में नियमित नियोजन की कोई दावा मान्य नहीं होगी। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति का नियोजन के पश्चात् सेवा में नियमितिकरण को कोई दावा मान्य नहीं होगा। नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जाएंगे न सरकारी सेवक के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार होगें। उनका नियोजन जिला वन स्टॉप सेंटर के अधीन होगा।
8. विभिन्न पदों पर नियोजित उम्मीदवारो की वांछित शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव एवं अंतर्वीक्षा के आधार पर अंतिम मेधा सूची प्रकाशित होगी।
9. प्रशासनिक पद हेतु यदि अभ्यर्थी कम्प्यूटर पर कार्य करने का ज्ञान रखता है तो उसे प्राथमिकता दी जाएगी।
10. कार्य अनुभव में सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्यानुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।
11. सरकारी/ अर्ध–सरकारी अथवा गैर सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्यानुभव की स्थिति में नियुक्ति प्राधिकार द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।
12. चयन प्रक्रिया, निर्धारित योग्यता रखनेवाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार में भाग लेने हेतु सूचना संबंधित अभ्यर्थी को उनके आवेदन में उल्लेखित **E-mail** एवं जिला के **https://munger.nic.in** बेबसाईट पर दी जाएगी। जिला पदाधिकारी/नोडल पदाधिकारी कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी से डाक द्वारा किसी भी तरह का पत्राचार नहीं किया जायेगा।
13. मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मी न तो सरकारी सेवक माने जायेगें और न ही सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार माने जायेगें। मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मियों द्वारा सेवा के नियमितिकरण को कोई दावा मान्य नहीं होगा।
14. विज्ञापन एवं सेवा भर्ती से संबंधित सभी अधिकार, जिला पदाधिकारी, मुंगेर के अधीन है। जिला पदाधिकारी, मुंगेर विज्ञापन को संशोधित/रद्द करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते हैं।
15. इच्छुक अभ्यर्थी आवेदित पद का उल्लेख करते हुए दिनांक–05.03.2024 से 19.03.2024 तक अपना ऑनलाईन आवेदन लिंक **https://online.bih.nic.in/WCDCREC/Register.aspx** पर कर सकते है। अभ्यर्थी सभी अनुलग्नक स्वअभिप्रमाणित करना सुनिश्चित करेगें। स्वअभिप्रमाणित नहीं रहने पर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। उपरोक्त समय सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें। अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेगे।
16. एक से अधिक पदों के लिए अलग–अलग आवेदन मान्य होगी।
17. भरे हुए आवेदन का प्रिंट आउट अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखेंगे।
18. अभ्यर्थी, विज्ञापन से संबंधित अपडेट अन्य घोषणाओं हेतु **https://munger.nic.in** वेबसाईट का अवलोकन करते रहेंगें।
19. संपूर्ण चयन प्रकिया विभागीय मार्गदर्शिका के आलोक में की जायेगी।

28/2/24

जिला पदाधिकारी,
मुंगेर ।